संख्या- 36/753/बयालिस-2015-06(निर्माण)/2012

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 30 मार्च, 2015**

विषय- मा0 चान्दगीराम स्पोर्टस स्टेडियम सैफई इटावा के बैडमिन्टन हाल के अन्दर बैडमिन्टन के दो कोर्टों पर योनेक्स कम्प्नी की सिन्थेटिक टर्फ लगाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- जी- 1385/नि0 मा0 चान्दगीराम स्टे0 पत्रा0/2012-13, दिनांक 27 मार्च, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष- 2014-15 में संलग्नक बी0एम0- 9 (भाग- 1) प्रपत्र संख्या- 878/बयालिस-2015-06(निर्माण)/2012, दिनांक 30 मार्च, 2015 के अनुसार मा0 चान्दगीराम स्पोर्टस स्टेडियम सैफई इटावा के बैडमिन्टन हाल के अन्दर बैडमिन्टन के दो कोर्टों पर योनेक्स कम्प्नी की सिन्थेटिक टर्फ लगाने के सम्बन्ध में पुनर्विनियोग के माध्यम से रू0 35.76 लाख (रू0 पैतिस लाख छियत्तर हजार मात्र) की व्यवस्था करते हुए उक्त सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त किये जाने पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष सहमति प्रदान करते है :-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 35.76 लाख (रू0 पैतिस लाख छियत्तर हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त स्वीकृत धनराशि वित्तीय वर्ष- 2014-15 में उपलब्ध परिव्यय एवं बजट सीमा के अन्तर्गत दी जा रही है।

(2)- प्रस्तावित प्रायोजना की विस्तृत डाईग/डिजाईन एवं तकनीकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त करने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय ।

(3)- प्रस्तावित कार्यों को द्विरावृत्ति (डुप्लिकेसी) को रोकने की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पूर्व में इस योजना हेतु किसी अन्य श्रोत से धनराशि न दी गयी हो और न ही प्रश्नगत कार्य किसी कार्य योजना में वित्त पोषण हेतु प्रस्तावित है।

(4)- प्रायोजना के निर्माण में टाईम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो इस हेतु समय-समय पर दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा कार्य को निर्धारित समय में ही पूर्ण किया जायेगा। भविष्य में प्रश्नगत योजना हेतु पुनरीक्षित लागत स्वीकृत नहीं की जायेगी।

.....2

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2014-15 के अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-87-खेल एवं खेल से सम्बन्धित कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

संख्या- 753(1)/बयालिस-2015-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी, इटावा।
(5)- प्रबन्ध निदेशक, राजकीय निर्माण निगम लि0 लखनऊ।
(6)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(7)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(8)- नियोजन अनुभाग- 4
(9)- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, कानपुर/क्रीड़ाधिकारी, सैफई।
(10)- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।